# HMA AGRO INDUSTRIES LTD.

(STAR EXPORT HOUSE RECOGNISED BY GOVERNMENT OF INDIA)

CIN No. : L74110UP2008PLC034977

**Date: May 31, 2024**

| To, | To, |
|---|---|
| **Dept. of Corporate Services-Listing Department**<br>**Bombay Stock Exchange Limited**<br>**Phiroze Jeejeebhoy Tower,**<br>**Dalal Street, Mumbai – 400 001**<br>**Scrip Code: 543929** | **Listing Department**<br>**The National Stock Exchange of India Limited**<br>**Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,**<br>**Bandra, Mumbai – 400 051**<br>**Scrip Code: HMAAGRO** |

**Subject: Intimation of Newspaper Publication of the Audited Financial Results of the Company for the Quarter and Year Ended on March 31, 2024**

Dear Sir / Madam,

Pursuant to the requirements of the Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("the Listing Regulations"), as amended from time to time, the Audited Financial Results of the Company for the Quarter and Year Ended on **March 31, 2024** as approved by the Board of Directors at their meeting held on **Thursday, May 30, 2024** is published in the "Financial Express" in English language newspaper and in "Dainik Jagran" in Vernacular language (Agra and New Delhi-Hindi Edition respectively) newspaper on **Friday, May 31, 2024**. The copies of the Newspaper Publication are enclosed herewith for your reference.

The above intimation will also be hosted on the website of the Company and the same can be accessed at www.hmagroup.co

**Yours Faithfully,**
**For HMA Agro Industries Limited**

NIKHIL SUNDRANI
Digitally signed by NIKHIL SUNDRANI
Date: 2024.05.31 17:08:43 +05'30'

**Nikhil Sundrani**
**Company Secretary and Compliance Officer**

Registered Office : 18A/5/3, Taj View Crossing, Fatehabad Road, Agra-282001 U.P. (INDIA)
E-mail : cs@hmaagro.com, gulzeb@hmagroup.co, hmafrozen@rediffmail.com
Website : www.hmagroup.co
Mob. : +91-8979624081, +91-7895622222

# पाश कालोनी के बंद मकान में मिले वृद्ध बहनों के शव

## अर्जुन नगर क्षेत्र की घटना, मकान से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों को हुआ शक, पुलिस ने तोड़ा दरवाजा

**जागरण संवाददाता, आगरा:** शाहगंज के अर्जुन नगर की राम वाटिका कालोनी में गुरुवार दोपहर दो वृद्ध बहनों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों बहनें अविवाहित थीं और अकेली रहती थीं। चार दिन से दोनों में से किसी को घर से बाहर नहीं देखा। दुर्गंध आने पर पड़ोसियों को शक हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो 65 वर्षीय बड़ी बहन रितु का शव बेड और छोटी 62 वर्षीय मधुमिता का शव सोफे पर पड़ा था। मधुमिता नवोदय में नर्स रही थी। मृत्यु का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है।

राम वाटिका कालोनी में दोमंजिला मकान में प्रथम तल पर दोनों बहनें रितु और मधुमिता रहती थीं। मकान का मुख्य गेट चार दिन से बंद था। कालोनी के लोगों ने बताया, रितु डिप्रेशन में रहती थी। वह घर से नहीं निकलती थीं। वह बेड पर रहती थीं। छोटी बहन मधुमिता उसकी देखभाल करती थीं। कालोनी की ही प्रेम और सचिन की डेली नीड्स की दुकान से उनका राशन व अन्य सामान आता था। छह दिन पहले कर्मचारी सामान देकर आया था, तब दोनों बहनें ठीक थीं।

उनके घर सुबह आने वाला दूधिया चार दिन से आवाज देकर लौट रहा था। उनका दरवाजा नहीं खुल रहा था। इससे पड़ोसी डीपी सिंह को शक हुआ। उन्होंने कालोनी में ही रहने वाले सुनील को इसकी जानकारी दी। सुनील ने इस मकान का भूतल खरीद लिया था। अनहोनी की आशंका पर वह सराय ख्वाजा पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिस मुख्य गेट की कुंडी तोड़ अंदर पहुंची तो वहां का दृश्य देख सकते में आ गई। रितु का शव बेड और मधुमिता का सोफे पर पड़ा हुआ था। शव की हालत खराब थी, इससे दोनों की मृत्यु तीन से चार दिन पहले होने की आशंका है। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया, इस मकान के भूतल के मालिक सुनील हैं। उन्होंने इसका बैनामा वर्ष 2021 में शशि से कराया था। शशि डाक विभाग में अधिकारी हैं। वह वर्तमान में दिल्ली में कार्यरत हैं। वह मधुमिता की घनिष्ठ मित्र हैं। मधुमिता और शशि ने वर्ष 2004 में मकान खरीदा था। इसमें भूतल का हिस्सा शशि और प्रथम तल का बैनामा मधुमिता के नाम था। शशि ने वर्ष 2021 में अपना हिस्सा सुनील को बेच दिया था। बहनों की मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चलेगा।


रितु का फाइल फोटो • सौजन्य पुलिस


मधुमिता का फाइल फोटो • सौ. पुलिस

### कानपुर और हैदराबाद में रहती हैं दो बहनें

कालोनी के लोगों ने पुलिस को बताया, रितु और मधुमिता चार बहनें थीं। रितु सबसे बड़ी थीं। वह पहले दिल्ली में रहती थीं। वर्ष 2018 में वह छोटी बहन मधुमिता के पास आकर रहने लगी थीं। मधुमिता पूर्व में नवोदय में नर्स रही थी। छोटी एक बहन नंदिता कानपुर में रहती हैं। एक अन्य बहन हैदराबाद में रहती हैं। मधुमिता के पिता भारतीय हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (भेल) में इंजीनियर थे।

### नंदिता उठा रही थीं दोनों का खर्चा

पुलिस के अनुसार, रितु और मधुमिता का खर्चा कानपुर में रहने वाली बहन नंदिता उठा रहीं थी। उन्होंने कालोनी के डेली नीड्स वाले और दूधिया को बोल रखा था। दोनों का हर महीने आनलाइन भुगतान नंदिता करती थीं।


अर्जुन नगर में खेरिया हवाई अड्डे वाली रोड पर स्थित राम वाटिका कालोनी का वो मकान, जिसमें रितु और उनकी बहन मधुमिता के शव मिले • जागरण

### पुलिस का आपरेशन सवेरा भी नहीं ला सका उजाला

**आगरा:** शहर में एकाकी जीवन बिता रहे वृद्धों की देखभाल को पांच वर्ष पहले पुलिस ने आपरेशन सवेरा चलाया था। तय हुआ कि अकेले रहने वाले वृद्ध नागरिकों के घरों पर पुलिस नियमित दस्तक देगी। तत्कालीन बीट आरक्षियों ने ऐसे वृद्धों के संपर्क नंबर भी अपने मोबाइल में फीड किए थे। मगर, पांच वर्ष बाद यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। अकेले रह रहे वृद्धों की इस तरह मृत्यु का यह पहला मामला नहीं है।

- **मार्च 2024:** शाहगंज में ऋषि मार्ग पर 75 वर्षीय भू-भौतिकविद राजीव माथुर का शव बंद मकान में मिला था। बेटा अमेरिका में रहता है, पत्नी से तलाक हो गया था। वह पांच दिन से कालोनी के लोगों को नहीं दिखाई दिए थे। मकान से दुर्गंध आने पर कालोनी वालों ने पुलिस को सूचना दी थी।
- **फरवरी 2023:** नार्थ विजय नगर कालोनी में कोठी संख्या 67 में 65 वर्षीय महिला निर्मल का कंकाल मिला था। उनकी मृत्यु दो महीने पहले हो गई थी।
- **फरवरी 2017:** अर्जुन नगर स्थित चाहर मार्केट में सेवानिवृत 70 वर्षीय नर्स विमला अग्रवाल और उनकी 55 वर्ष की बेटी वीना के शव मिले थे। इसमें 70 वर्षीय मां की मृत्यु के बाद बेटी ने उनके शव को घर में रखा हुआ था।

# छूटी नहीं स्नेह की डोर, टूट गईं सांसें

अली अब्बास • जागरण

- सोफे पर आराम की मुद्रा में पड़ा था मधुमिता का शव, छोटी बहन की ओर था रितु का चेहरा
- कानपुर में रहने वाली बहन नंदिता से 26 मई की रात को हुई थी मधुमिता की अंतिम बार बात

**आगरा:** अर्जुन नगर की राम वाटिका कालोनी में बने उस मकान के कमरे का दृश्य जिसने भी देखा भूल नहीं सकता। बेड पर मृत पड़ी बहन का चेहरा बेड पर आराम की मुद्रा में बैठी मृत बहन के चेहरे की ओर था। मानों वह छोटी को आवाज देना चाहती है। कुछ बोलना चाहती है। पास बुलाना चाहती हैं। परेशानी कहना चाहती हैं। छोटी नहीं बोली। मुर्दा देह बोला नहीं करती। यह अहसास होते ही बड़ी की सांसें भी छूट गईं।

राम वाटिका के इस मकान में मृत मिलीं मधुमिता और रितु सगी बहनें थीं। मधुमिता छोटी और रितु बड़ी। दोनों ही अकेली रह रही थीं। अविवाहित और शरीर से असहाय। बड़ी बहन पैर में परेशानी से चल नहीं सकती थी। सारी देखभाल छोटी को ही करनी पड़ती। उनका न किसी के घर जाना-आना था और न किसी से अधिक बोलचाल। वे चार बहनें थीं। पिता मूलरूप से बंगाल के रहने वाले थे। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में इंजीनियर रहे। जब तक नौकरी रही शाहगंज के अयोध्या कुंज में रहे। करीब 20 वर्ष पहले राम वाटिका में मकान लिया और यहां आकर करने लगे। दो बेटी की शादी कर चुके थे। रितु और मधुमिता अविवाहित रहीं। जब तक जिंदा रहे, अपनी अविवाहित बेटियों का साथ देते रहे। चार वर्ष पहले उनका निधन हो गया। मधुमिता और रितु अकेली रह गईं। नवोदय विद्यालय में नर्स का काम कर रही मधुमिता ने बहन की देखभाल को नौकरी भी छोड़ दी। चार साल से उनका जीवन बंद कमरे की कहानी बनकर रह गई थी। उनका कालोनी में किसी से कोई संबं नहीं था। रितु तो खैर चलने में परेशानी के कारण घर से निकलती ही नहीं थी। मधुमिता को भी बस सुबह सैर को निकलते देखा जाता था। मधुमिता का जीवन बस बहन की देखभाल करने तक सिमट गया था। दोनों बहनें एक दूसरे से बेहद स्नेह रखती थी। इच्छा-अनिच्छा का ध्यान रखतीं। एक-एक कर अपने छूटते गए, लेकिन उनका हौसला बना रहा। दोनों की प्रीत की डोर कमजोर नहीं पड़ी। कमरे का दृश्य बता रहा था कि दोनों बहनों की यह स्नेह की डोर अंतिम समय तक भी नहीं टूटी।


रितु और मधुमिता के शव मिलने के बारे में जानकारी देते (बाएं से पहले) भूतल के मालिक सुनील और पड़ोसी डीपी सिंह •

पुलिस का मानना है पहले मधुमिता की मृत्यु हुई। मधुमिता का शव अधिक तेजी से खराब हुआ था। रितु के शव की हालत उससे ठीक थी। कमरे की लाइट जलने के साथ ही पंखा चल रहा था। शवों की स्थिति देखने के बाद पुलिस का मानना है कि मधुमिता की मृत्यु पहले हुई, इसके बाद देखरेख के अभाव में रितु ने भी दम तोड़ दिया। रितु का छोटी बहन से बेहद लगाव था। इससे एक अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि छोटी बहन के मृत्यु ने उन्हें बुरी तरह से तोड़ दिया होगा। मधुमिता के बाद उन्होंने भी अपना सांसों का साथ छोड़ दिया होगा।

गुरुवार शाम को कानपुर में रहने वाली उनकी बहन नंदिता आगरा पहुंच गईं। नंदिता ने पुलिस को बताया, मधुमिता से 26 मई की रात 10 बजे उनकी बात हुई थी। मधुमिता ने अपनी तबीयत खराब बताई थी। उन्होंने खुद को डाक्टर को दिखाने की जानकारी दी थी। इस पर नंदिता ने बहन से अपना ख्याल रखने और रविवार को आने को कहा था। मधुमिता ने चार दिन पहले दूध वाले से दवा मंगाई थी।

# नाबालिग मजदूर की पानी की टंकी में गिरकर मृत्यु

**जागरण संवाददाता, आगरा:** गढ़ी भदौरिया में जल निगम की पानी की टंकी में गिरकर नाबालिग मजदूर की मृत्यु हो गई। नाबालिग को ठेकेदार काम करने को साथ लेकर गया था। मजदूर के पिता ने जल निगम की लापरवाही के चलते बेटे की मृत्यु होने का आरोप लगाया।

गढ़ी भदौरिया में जल निगम ने पानी की टंकी का निर्माण फैजाबाद की कंपनी ने कराया है। जनवरी से जल निगम टंकी को संचालित कर रहा है। जिसके रखरखाव का कार्य निजी कंपनी के पास है। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि दो सप्ताह से टंकी का वाल्व खराब था। जिसके चलते आसपास के क्षेत्र की जलापूर्ति बाधित थी। दो दिन से जलापूर्ति पूरी तरह से ठप होने पर इसकी शिकायत जल निगम से की गई थी। गुरुवार सुबह 11 बजे रखरखाव करने वाली कंपनी का ठेकेदार रमेश अपने साथ सुभाष नगर बोदला के रहने वाले 17 वर्षीय अजय व अन्य मजदूरों को लेकर काम कराने आया था। वाल्व को सही करने के लिए टंकी को खाली कर रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे अजय और रमेश टंकी देखने ऊपर गए थे। अजय ने टंकी पर चढ़कर जैसे ही ढक्कन उठाकर जलस्तर चेक करना चाहा, असंतुलित होकर टंकी में गिर गया। उसकी चीख सुनकर रमेश टंकी पर पहुंचा तो अजय को पानी में डूबते देखा। रमेश ने नीचे खड़े श्रमिकों से रस्सी और बांस मंगा टंकी में डाला, लेकिन तब तक अजय डूब चुका था। अजय के पिता शंकर सिंह ने आरोप लगाया कि बेटे को बिना किसी सुरक्षा उपकरणों के काम कराया जा रहा था। जिसके चलते उसकी जान चली गई। ठेकेदार जब उसे निकालने में नाकाम रहे, तब दोपहर करीब पौने तीन बजे इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दमकल कर्मियों की मदद से टंकी को पूरा खाली कराने के बाद शाम पांच बजे अजय का शव बाहर निकाला। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया स्वजन ने तहरीर नहीं दी है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


पानी की टंकी में डूबकर नाबालिग मजदूर की मृत्यु होने की घटना के बाद जुटे बस्ती के लोग • जागरण

**4** घंटे प्रयास के बाद टंकी से निकाला जा सका शव जगदीशपुरा के गढ़ी भदौरिया स्थित ओवरहेड टैंक की घटना

### मुआवजा और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

अजय का शव टंकी में मिलने पर स्वजन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। वह नाबालिग बेटे की मृत्यु पर मुआवजे और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। स्वजन का कहना था कि यदि सुरक्षा उपकरण होते तो नाबालिग बेटे की जान नहीं जाती। परिवार में अजय दो भाई और तीन बहनें हैं, बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। दो बहनें उससे छोटी हैं। बेटे अजय की मृत्यु का खबर सुन मां रेनू बेहोश हो गईं। वह मां से दोपहर में घर लौटने पर खाना खाने की कहकर निकला था। मां ने बताया कि वह खाने पर उसकी प्रतीक्षा कर रही थी। बेटा तो नहीं आया, मृत्यु की खबर घर पहुंची।

> टंकी बनाने वाली कंपनी आरएंडसी वाल्व का मरम्मत करा रही थी। जेसीबी आपरेटर और हेल्पर ताले लगे गेट को फांदकर ऊपर चले गए। ऊपर क्या घटना हुई इसकी जानकारी नहीं है। घटना पता चलने पर जिलाधिकारी एवं पुलिस को अवगत करा दिया गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
>
> **एहतिशाम**, अधिशासी अभियंता, जल निगम

### खंदौली में बंद मकान में मिला युवक का शव

**संसू, जागरण • खंदौली:** नंदलालपुर गांव के ठारदर्शी मुहल्ले में कई दिन से बंद मकान में गुरुवार सुबह गृहस्वामी का शव मिला। गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे ठारदर्शी मुहल्ले में मकान से तेज दुर्गंध आने पर क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर बिस्तर पर करीब 50 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। शव बुरी तरह सड़ चुका था। आसपास के लोगों ने बताया कि युवक अक्सर बीमार रहता था। वो किसी बात भी नहीं करता था। थाना प्रभारी राजीव सोलंकी ने बताया कि घर का बिजली कनेक्शन सरला देवी, अनुराग नगर, बल्केश्वर नाम से है। उनकी मृत्यु हो चुकी है। उनके तीन बेटों में सोनू, समर और अमन हैं। संभवतः मृतक इनमें से ही कोई हो सकता है। फिलहाल उसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

World No Tobacco Day
प्रभा हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
कैंसर रोग
• कीमोथेरेपी • रेडियोथेरेपी • कैंसर सर्जरी
• हार्मोन थेरेपी • इम्यूनोथेरेपी • टारगेटेड थेरेपी
हृदय रोग
• ऐंजियोग्राफी • ऐंजियोप्लास्टी • पैसमेकर
FIGHT CANCER
SAVE YOUR HEART
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क इलाज होता है।
PM-JAY
672, गीता मन्दिर (ओल्ड कामायनी हॉस्पिटल), मथुरा बाई पास रोड, एन.एच.-2, सिकन्दरा, आगरा-282007
मोबाइल : 7252000343, 9837040871

### नर्सिंग छात्रा के मोबाइल से सुलझेगी आत्महत्या की गुत्थी

**जासं, आगरा:** न्यू आगरा की लायर्स कालोनी स्थित गणेश नगर में बुधवार को नर्सिंग छात्रा शिप्रा गौतम ने आत्महत्या कर ली थी। उसका शव फंदे पर लटका मिला था। मूलरूप से औरया की रहने वाली शिप्रा गणेश नगर में किराए पर रहती थीं। गुरुवार को छात्रा के स्वजन ने न्यू आगरा थाने पर तहरीर दी, जिसमें कई मोबाइल नंबर खोले हैं। स्वजन का कहना है कि इन मोबाइल नंबर में उनकी बेटी के आत्महत्या का राज छिपा है। उनकी बेटी को एक युवक परेशान कर रहा था। छात्रा की सहेलियों का कहना है कि पुलिस को एटा के युवक से पूछताछ करनी चाहिए। युवक विवाहित है, छात्रा से मिलने आता था। मामले में एसीपी सैयद अरीब अहमद का कहना है कि छात्रा के मोबाइल की जांच की जाएगी।

# गैस कंपनी ने नहीं भरा गड्ढा, मरी गाय

**जागरण संवाददाता, आगरा:** ग्रीन गैस लिमिटेड कंपनी ने बल्केश्वर क्षेत्र में 12 फीट गहरे गड्ढे करके छोड़ दिए थे। इनके चारों ओर बैरीकेडिंग भी नहीं की गई थी। 15 दिन से क्षेत्रीय लोग मुश्किल झेल रहे हैं। दोपहिया वाहन तो अकसर गिरने से बचते हैं। बुधवार रात को इसमें गाय गिर गई, जिसके क्षेत्रीय लोगों ने सुबह निकाला। उसके बाद गाय की मृत्यु हो गई। पार्षद हरिओम सहित क्षेत्रीय लोगों ने कमला नगर थाने में ग्रीन गैस कंपनी के उप महाप्रबंधक के विरुद्ध तहरीर दी है।

बल्केश्वर के अनुराग नगर में कंपनी ने पाइप्ड नेचुरल गैस के प्रेशर की जांच के लिए गड्ढे खोदे थे। इसके बाद से कंपनी ने न तो कोई सुरक्षा इंतजाम किए और न ही गड्ढों का भराव किया। क्षेत्रीय निवासी अजय कुमार ने बताया कि बच्चों का बाहर निकलना बंद करा दिया था। हादसे की आशंका से शाम के समय साइकिल भी नहीं चलाने देते थे। सावित्री सिंह ने बताया कि गड्ढे करने के बाद कंपनी भूल गई। इस कारण दोपहिया वाहन सवार पिछले दिनों गिरे थे। लोगों ने जल्दी से निकाल बचा लिया, लेकिन चोट लग गई थी। गाय रात में गिरी, जिसे कोई नहीं देख सका। सुबह लोग टहलने निकलने तब पांच बजे जानकारी हुई। पार्षद हरिओम गोयल ने बताया कि गाय गिरने की जानकारी मिलते ही जेसीबी मंगाकर गाय निकलवाने में मदद ली गई। गड्ढे भी साथ ही भरवाए गए। पूरी प्रक्रिया में दो घंटे का समय लग गया। गाय बाहर निकली तो तेज सांसें ले रही थी, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। कंपनी के उप महाप्रबंधक सुमित पांडे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। उन्होंने कहा है कि कंपनी द्वारा कार्य में लापरवाही पर गाय की मृत्यु हुई है, जबकि अन्य लोग भी चोटिल हुए हैं। ग्रीन गैस के मार्केटिंग मैनेजर किशन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में गैस का प्रेशर कम था, जिसके लिए खोदाई कराई गई थी।

**15** दिन से खुदे पड़े 12 फीट गहरे गड्ढे, राहगीर रोज हो रहे चोटिल, कमला नगर के अनुराग नगर के निकट की घटना, कंपनी के उप महाप्रबंधक के विरुद्ध दी तहरीर


बल्केश्वर के अनुराग नगर में ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा खोदाई कर छोड़े गए 12 फीट गहरे गड्ढे में गिरकर गाय मर गई। गाय को निकालते क्षेत्रीय लोग और श्रमिक • सौजन्य क्षेत्रीय नागरिक

# प्रेम विवाह के छह महीने बाद पत्नी को जला देने का आरोप

**जासं, आगरा:** खंदारी स्थित बापू नगर में गुरुवार की रात पति और ससुराल वालों ने विवाहिता को मिट्टी का तेल डालकर जला दिया। दंपती ने छह महीने पहले प्रेम विवाह किया था।

इंस्पेक्टर हरीपर्वत आलोक सिंह ने बताया कि रात साढ़े नौ बजे बापू नगर की रहने वाली 22 वर्षीय मुस्कान पत्नी अमन को ससुराल वालों द्वारा मिट्टी का तेल डालकर जलाने की सूचना मिली। स्वजन मुस्कान को लेकर एसएन इमरजेंसी लेकर गए थे। वहां मृत घोषित कर दिया। स्वजन ने बताया कि ससुराल में पति और ससुराल वाले मुस्कान का उत्पीड़न कर रहे थे। प्रेम विवाह के चलते दहेज नहीं देने का ताना देते थे। स्वजन ने आरोप लगाया कि गुरुवार की रात पति और ससुराल वालों ने मुस्कान को मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जला दिया। इंस्पेक्टर हरीपर्वत आलोक सिंह ने बताया कि स्वजन की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### डाक्टर से रंगदारी मांगने का आरोपित पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संसू, जागरण • किरावली:** चिकित्सक से मारपीट के माले में रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ है। कस्बा में क्लिनिक चलाने वाले डा. आरपी सिंह परमार से 16 मई को मारपीट हुई थी। उन्होंने अभेदोपुरा के सत्यपाल सिंह और अन्य के विरुद्ध मारपीट व रंगदारी मांगने में मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

VAJIRAO & REDDY IAS
क्या आप Youngest IAS/IPS Officer बनना चाहते हैं ? You Can !...
JOIN
EXCLUSIVE 3 YEAR FOUNDATION COURSE
(After 12th, For College Going Students)
12th के बाद तैयारी करते हुए बने देश के सबसे युवा IAS/IPS
AIR 95 AIR 187 AIR 325

सृष्टी मिश्रा (21 Year-B.A.)
बिरजू चौधरी (21 Year-B.A.)
सिद्धार्थ सिंह (21 Year-B.A.)
37/1 T-Mart New Agra Call : 89-8888-5151

## HMA AGRO INDUSTRIES LIMITED

CIN: L74110UP2008PLC034977
Regd Off: 18A/5/3 Tajview Crossing Fatehabad Road Agra Uttar Pradesh-282001
Email Id: cs@hmaagro.com; Website: www.hmagroup.co

**EXTRACT OF AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR QUARTER & HALF YEAR ENDED 31ST MARCH, 2024**

(Rs. In Millions)

| Sr. No | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 (Refer Note 2) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.03.2023 (Refer Note 2) | 31.03.2024 Audited | 31.03.2023 Audited |
| 1 | Total Revenue from Operations (Net) | 13980.44 | 12,785.03 | 8,382.70 | 48,619.72 | 32,560.91 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | (42.14) | 622.34 | 223.63 | 1,331.57 | 1,735.53 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | (42.14) | 622.34 | 223.63 | 1,331.57 | 1,735.53 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 15.36 | 491.02 | 102.29 | 1,005.84 | 1,234.66 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 20.27 | 491.02 | 203.88 | 1,115.59 | 1,123.35 |
| 6 | Paid Up Equity Share Capital (Face Value of Rs.1/-. Each) | 500.77 | 500.77 | 475.13 | 500.77 | 475.13 |
| 7 | Other Equity | 6,670.87 | 6,657.59 | 4,267.42 | 6,670.87 | 4,267.42 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | |
| | 1. Basic: | 0.02 | 0.92 | 2.38 | 2.03 | 2.53 |
| | 2. Diluted: | 0.02 | 0.92 | 2.38 | 2.03 | 2.53 |

**Note:**

1. The above is an extract of the detailed format of Audited Consolidated IND AS financial results for the Quarter and Year ended 31st March, 2024, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of these financial results are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.bseindia.com), (www.nseindia.com) and on the Company's website (www.hmagroup.co).
2. The above consolidated financial results for the quarter ended March 31, 2024 are the balancing figures between the limited review figures for the nine month ended December 31, 2023 and the audited figures for the year ended March 31st, 2024. The Consolidated financial results for the quarter ended March 31, 2023 are the balancing figures between the management certified figures for the nine month ended December 31, 2022 and the audited figures for the year ended March 31, 2023.
3. The Key Audited Standalone Financial Information are as under

| Sr. No | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 (Refer Note 5) | 31.12.2023 Unaudited | 31.03.2023 (Refer Note 5) | 31.03.2024 Audited | 31.03.2023 Audited |
| 1 | Total Revenue from operations | 13,238.82 | 12,367.83 | 8,798.15 | 47,061.99 | 31,716.29 |
| 2 | Profit/Loss Before tax | (216.94) | 580.60 | 469.14 | 1,465.31 | 1,837.06 |
| 3 | Profit/Loss After tax | (135.63) | 433.70 | 350.75 | 1,106.92 | 1,373.21 |

4. The above is an extract of Standalone IND AS financial statement which has been prepared in accordance with the companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognized accounting practices and policies to the extent applicable.
5. The above standalone financial results for the quarter ended March 31, 2024 are the balancing figures between the limited review figures for the nine month ended December 31, 2023 and the audited figures for the year ended March31, 2024. The standalone financial management certified figures for the nine month ended December, 31 2022 and the audited figures for the year ended March 31, 2023.

Place: Agra
Date: 30.05.2024

By the Order of Board of Directors
For HMA Agro Industries Limited

Sd/-
Gulzar Ahmad
Wholetime Director